प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कल 9 सितंबर को हिमाचल में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान प्रधानमंत्री कुल्लू, चंबा, मंडी और कांगड़ा जिलों के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री धर्मशाला में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को राहत व पुनर्वास संबंधी दिशा–निर्देश भी देंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वे प्रधानमंत्री से आपदा प्रभावित राज्य घोषित करने की मांग करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वे प्रधानमंत्री को प्रदेश में आपदा परिस्थितियों का ब्यौरा देंगे।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस बीच शिमला में उल्लास मेले का शुभारंभ करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पूर्ण साक्षर हिमाचल की घोषणा करेंगे। वहीं हिमाचल प्रदेश ने 99 फीसदी का आंकड़ा पार कर साक्षरता में देश के शीर्ष साक्षर राज्यों की सूची में पहुंच जाएगा। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

जीएसटी–कार्यशाला

भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल ने नई दिल्ली में चल रही दो दिन की कार्यशाला के दौरान अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया। केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा पेश प्रस्ताव में भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस साहसिक और जनहितैषी कदम के लिए बधाई दी है। प्रस्ताव में कहा गया है कि सुधारों के अगले चरण से जीएसटी कर प्रणाली सरल हुई है और नागरिकों के हित को केन्द्र में रखा गया है। खाद्य वस्तुएं और औषधि तथा इलेक्ट्रानिक सामानों पर जीएसटी दरें कम होने से इनकी कीमतों में कमी आयेगी। छोटे व्यवसायियों, निर्यातकों और स्टार्टअप उद्यमों के लिए भी प्रक्रियाएं सरल की गयी हैं।

केन्द्रीय दल

आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करने अंतर मंत्रालय केंद्रीय दलों की एक टीम कल चम्बा जिला पहुंची है। इस टीम ने जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर भारी बारिश से हुए नुकसान का आकलन किया। इस दौरान उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल भी मौजूद थे। यह टीम आज भी चम्बा के विभिन्न आपदा ग्रसित क्षेत्रों का दौरा कर फील्ड की रिपोर्ट तैयार करेगी जिसके पश्चात देर शाम चम्बा जिला मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों को इस बारिश से हुए नुकसान की रिपोर्ट विभागीय अधिकारियो से लेगी।

गौरतलब है कि हाल ही में हुई भारी बरसात से जिला चम्बा में विभिन्न विभागों को करोड़ों रुपए का नुकसान है जिसमें सड़कें, बिजली व पेयजल योजनाएं शामिल हैं। वहीं प्रभावित इलाकों में व्यवस्था बहाल करने में जिला प्रशासन जुटा हुआ हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं हालांकि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में मानसून की हल्की वर्षा का क्रम जारी है। राज्य के कई स्थानों पर भारी वर्षा के दौर में कमी आने से प्रशासन ने राहत व बचाव कार्य तेज़ कर दिए हैं। राज्य में अभी भी 2 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 24 सड़कें अवरूद्ध हैं। इस मॉनसून सीज़न के दौरान प्रदेश में 3 सौ 66 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 41 लोग अभी भी लापता हैं। उधर किन्नौर ज़िले में निगुलसरी के समीप भूस्खलन से अवरूद्ध राष्ट्रीय उच्च मार्ग 5 को अस्थायी तौर पर सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। इस बीच कुल्लू जिला के मनाली व बंजार उपमंडल में आज और कल भी सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक भास्कर लिखता है जिनके मकान–भूमि को ज्यादा नुकसान, उन्हें मिलेगा ज्यादा मुआवजा, नई कैटेगरी बनाएंगे। दिव्य हिमाचल के अनुसार आर्थिक तंगी के बाद भी हर उजड़ा घर बसाएगी सरकार।

पंजाब केसरी की एक खबर है चमियाणा के बाद अब टांडा मेडिकल कॉलेज में शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी।

हिमाचल दस्तक की एक सुर्खी है सरसों का तेल व दालें डिपुओं से गायब।